>

Title : Need to transfer the land of India United Mills Dye Works, under N.T.C. to Dr. Babasaheb Ambedkar National Monument, Chaityabhumi, Maharashtra.

श्री एकनाथ महादेव गायकवाड (मुम्बई दक्षिण-मध्य): सभापति महोदय, मैं शासन का एक बात की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि मुम्बई में दादर चैत्य भूमि के ऊपर डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर का स्मारक है।

डाक्टर बाबा साहब अंबेडकर को सभी जानते हैं, जो संविधान के निर्माता हैं और उन्होंने देश में समानता लाने की कोशिश की। बाबा साहब का जो स्मारक है, वह बहुत छोटे पैमाने पर है। महाराष्ट्र शासन और केंद्र शासन और बाबा साहब के सभी अनुयायी भी चाहते हैं कि बाबा साहब का एक राष्ट्रीय स्तर का स्मारक होना चाहिए। यह हम सब की इच्छा है।

महोदय, जब बाबा साहब का महापरिनिर्वाण दिन आता है, तब 25 से 30 लाख लोग वहां पूरे देश से आते हैं। वहां खड़े होने की जगह भी नहीं रहती है। मेरी मांग है कि उसके पास में इंडिया यूनाइटेड मिल्स डाई वर्क्स नामक मिल है, जो बंद पड़ी हुयी है, जो केंद्र सरकार की मिल है। उस मिल के बंद होने के बाद हमने वस्त्र उद्योग मंत्री को एक लेटर लिखा था। उन्होंने भी इसकी सहमति दी है। मैं चाहता हूं कि इस मिल की जगह डा. बाबा साहब अंबेडकर स्मारक के लिए दी जाए। वहां बाबा साहब के जीवन की आर्ट गैलरी बना सकते हैं, वहां बाबा साहब का पूरे जीवन की और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की एक लाइब्रेरी बना सकते हैं, भिक्षु निवास बना सकते हैं, बौद्ध फिलास्फी के लिए एक केंद्र बना सकते हैं। मेरी मांग है कि केंद्र सरकार की जो मिल है, जिसके लिए मंत्री महोदय ने सहमति दी है कि यह जगह देने के लिए केन्द्र शासन तैयार हैं। अगर जल्दी से जल्दी महाराष्ट्र शासन को जगह मिलेगी तो वहां बाबा साहब के नाम की एक अंतराष्ट्रीय स्तर की स्मारक लायब्रेरी बना सकते हैं।

महोदय, मेरी आपके माध्यम से मंत्री महोदय और सरकार से विनती है कि इस स्मारक को बनाने के लिए जल्दी से जल्दी जगह दे।